वैशाली नगर के प्रमुख मार्केट क्षेत्र का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण, गोल मार्केट सहित सांस्कृतिक भवन का निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त लोकेश चंद्राकर प्रतिदिन भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर जायजा ले रहे हैं इसी क्रम में उन्होंने आज वैशाली नगर के प्रमुख मार्केट क्षेत्र गोल मार्केट का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे बाजार क्षेत्रों में विशेष रूप से सफाई व्यवस्था बनाए रखें, क्योंकि अधिकतर मार्केट रात्रि कालीन लगते हैं और इसी दरमियान कचरा बिखेरने का संभावना अधिक होता है। बाजार क्षेत्रों में भी विशेष तौर पर दुकानदारों को समझाइश देने कि दुकान से निकलने वाले कचरे को वे एक जगह एकत्रित कर सफाई कर्मचारियों को देवे उन्होंने कहा। वैशाली नगर क्षेत्र में गोल मार्केट एक प्रमुख मार्केट क्षेत्र की गिनती में आता है। आसपास के समीपस्थ वार्ड एवं मोहल्ले के नागरिक इस मार्केट क्षेत्र में खरीदारी करने पहुंचते हैं। मार्केट में व्यवसायियों के लिए चबूतरा का निर्माण भी हुआ है जहां पर वह सब्जी आदि का व्यवसाय करते है। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने सांस्कृतिक भवन का भी आज निरीक्षण कर जायजा लिया। विभिन्न प्रकार के आयोजन इस भवन में किए जाते हैं उन्होंने यहां भी सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था देखी तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने आज नर्सरी का भी निरीक्षण कर जायजा लिया और शहर में आगामी पौधरोपण के लिए नर्सरी में तैयारियां करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने शहर में सफाई एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए निगम के अधिकारियों को विशेष तौर पर निर्देश दिए है, इसी तारतम्य में निगम के अधिकारी/कर्मचारी सुबह से अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण कर जायजा ले रहे हैं। जहां भी समस्याएं परिलक्षित हो रही है उनके निराकरण का प्रयास निगम के अधिकारी त्वरित रूप से कर रहे हैं। आयुक्त ने आज बाजार क्षेत्र के साथ-साथ मोहल्ले का भी निरीक्षण किया वहीं कई स्थानों पर अवैध पोस्टर लगे हुए पाए गए जिसे उन्होंने हटवाने के निर्देश दिए हैं। आज के निरीक्षण के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह एवं विनोद गौतम आदि मौजूद रहे।